समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !
नाशिक | Tuesday, 22 September 2026

# स्टॉक मार्केट मे भारी गिरावट : सेसेंक्स 728 अंक लुढ़का, निवेशकों को 2.50 लाख करोड़ का नुकसान।

Publisher Published on 22 May 2025



**मुंबई**: भारतीय शेयर बाजार में आज एक बार फिर से भारी गिरावट देखने को मिली। हफ्ते के चौथे कारोबारी दिन की शुरुआत लाल निशान में हुई और शुरुआती घंटों में ही **बीएसई सेसेंक्स 728 अंक** टूटकर **80800** के नीचे चला गया। वहीं **निफ्टी भी 24,550** के नीचे आ गया, जिससे निवेशकों को करीब 2.50 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ।

**स्मॉलकैप और मिडकैप शेयरों मे भारी बिकवाली**

बाजार में गिरावट का सबसे बड़ा असर **स्मॉलकैप और मिडकैप** शेयरों पर पड़ा। बीएसई पर लिस्टेड कंपनियों की मार्केट वैल्यू मिनटों में ढाई लाख करोड़ रुपये गिर गई। इसका सीधा असर आम निवेशकों पर पड़ा है।

**इंडसइंड बैकं मे वित्तीय संकट**

**इंडसइंड बैकं** के चौथी तिमाही के खराब नतीजों और वित्तीय गड़बड़ियों के चलते इसका **शेयर 4%** तक गिर गया। बैंक को लगभग **2300 करोड़ रुपये** का घाटा हुआ है, जो पिछले 19 सालों में पहली बार किसी तिमाही में दर्ज हुआ है।

किन कंपनियों के **शेयर** गिरे ?

**टेक महिंद्रा**
**पावरग्रिड**
**एचडीएफसी बैकं**
**आईसीआईसीआई बैकं**
**रिलायंस इंडस्ट्रीज**

इन सभी के शेयरों में गिरावट ने बाजार को और नीचे धकेला।

आज के तिमाही नतीजों की प्रतीक्षा

आज जिन कंपनियों के तिमाही नतीजे आने वाले हैं, उनमें शामिल हैं:

**आईटीसी**

**मैक्स एस्टेट्स**

**एमटीएआर टेक**

**जीएमआर एयरपोर्ट्स**

**ग्रासिम इंडस्ट्रीज**

**गुडलक इंडिया**

**वैश्विक बाजारों** का असर

गुरुवार को एशियाई बाजारों में भी कमजोरी देखी गई:

१. **जापान का निक्केई : 0.5% गिरा**

२. **कोरिया का कोस्पी : 0.59% गिरा**

३. **ऑस्ट्रेलिया का ASX 200: 0.36% की गिरावट**

**बुधवार को बाजार मे रंही थी तेजी**

गौरतलब है कि बुधवार को बाजार में गिरावट पर ब्रेक लगा था और **सेसेंक्स 410 अंक चढ़कर 81,596 पर बंद** हुआ था, जबकि **निफ्टी भी 130 अंक** बढ़ा था। लेकिन यह तेजी ज्यादा देर टिक नहीं सकी।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.